# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आज देशभर में मनाया जा रहा है संविधान हत्या दिवस, झारखंड के सभी जिलों में भाजपा करेगी संगोष्ठी और मॉक पार्लियामेंट का आयोजन।**

2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली में नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण, उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।**

3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, गुमला में हथियार के साथ पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार, धनबाद में नौ अपराधी भी पुलिस गिरफ्त में।**

4. **राज्य में मानसून सक्रिय, आज रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा समेत 11 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।**

5. **नवल टाटा हॉकी एकेडमी ने जीता झारखंड स्टेट जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का खिताब, फाइनल में सिमडेगा को तीन के मुकाबले नौ गोल से हराया।**

**********************

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून 1975 को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन भी है। एक रिपोर्ट–

**********************

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की ओर से आज झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने बताया कि आज और कल सभी सांगठनिक जिलों में संगोष्ठी, प्रेस वार्ता और मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जायेगा।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली प्रवास पर हैं। उन्होंने इस दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए और नियमित साफ–सफाई के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने कहा है कि उनकी सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए सजग है। रांची में जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनता से रुबरु होना कांग्रेस की एक बेहतरीन पहल है।

**********************

एक ज्वेलरी दुकान पर हुई गोलीबारी की घटना के विरोध में आज हजारीबाग के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ और फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त आह्वान पर यह निर्णय लिया गया है।

**********************

जनजातीय कल्याण की दिशा में केंद्र सरकार ने पीएम जनमन अभियान की शुरुआत की है। रामगढ़ जिले में इस अभियान के तहत दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने गुमला से प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था।

**********************

उधर, धनबाद में पुलिस ने कुख्यात प्रिंस खान गिरोह के नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

***************************

राज्य में मानसून सक्रिय है। पिछले 24 घंटे में रांची समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है। इस दौरान वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गयी। वज्रपात की चपेट में आने से सात मवेशियों की भी जान गयी है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा समेत 11 जिलों में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

***************************

नवल टाटा हॉकी एकेडमी की टीम ने झारखंड स्टेट जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। जमशेदपुर में खेले गये फाइनल मैच में नवल टाटा की टीम ने सिमडेगा को तीन के मुकाबले नौ गोल से हराया। तीसरे स्थान के लिए खेले गये मैच में रांची की टीम ने खूंटी को 2–0 से पराजित किया।

***************************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ईरान और इजराइल में संघर्ष विराम की खबरों को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली पहुंचे, शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर कहा– स्थिर है तबीयत। **हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– रांची के दो व्यवसायी 50 करोड़ कर चोरी में गिरफ्तार।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– त्योहारों में जुलूस के दौरान नहीं बंद होगी बिजली, एसओपी जारी।

**दैनिक जागरण** लिखता है– महंगी हो सकती है लंबी दूरी की रेल यात्रा।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने 72 घंटे में पांच लाख रुपये तक पीएफ एडवांस की निकासी से संबंधित खबर को प्रमुखता दी है जबकि **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने उपराष्ट्रपति के हवाले से आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बताया है।

***********समाप्त**************